प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लघु और सीमांत किसानों की आय बढ़ाने के लिये मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना शुरू करने के दिये निर्देश : कहा– किसानों को आसानी से उपलब्ध कराया जाये ऋण।
2. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल जामा मस्जिद में एएसआई सर्वे के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका को किया खारिज : कमीशन की जांच के निचली अदालत के आदेश पर हस्तक्षेप से किया इंकार।
3. पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किए गये रामपुर के शहजाद को यूपी एटीएस ने लखनऊ की स्पेशल कोर्ट में किया पेश : 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया आरोपी। और
4. आईपीएल में आज लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जा रहा है लखनऊ सुपर जायंट्स आर सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लघु एवं सीमांत किसानों की आय में वृद्धि और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना' प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सहकारी बैंकों की ऋण वितरण

क्षमता को बढ़ाने, शाखाओं के आधुनिकीकरण के लिये वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने और किसानों तक ऋण की सुगमता सुनिश्चित करने पर बल दिया है। एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि राज्य सरकार किसानों को कर्ज के बोझ से मुक्ति दिलाने, उनकी कृषि उत्पादकता बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है, ऐसे में किसानों को सस्ती दर पर सरलता से ऋण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना इसी दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध होगी। बैठक में मुख्यमंत्री  के समक्ष आज इस महत्वाकांक्षी योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। श्री योगी ने प्रस्तावित मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना में नाबार्ड के साथ–साथ सहकारी बैंकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

————————

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आज संभल जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की एएसआई सर्वे के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया। यह याचिका सिविल कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए की गई थी। संभल की शाही जामा मस्जिद को लेकर दाखिल दूसरे पक्ष के वाद को हाईकोर्ट में जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत ने पोषणीय माना। कमीशन की जांच के लिए निचली अदालत के आदेश पर उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप से इंकार कर दिया, साथ ही अदालत ने कमीशन जांच और दाखिलवाद जारी रहने में दखल नहीं दिया। इसी के साथ अदालत ने पूर्व पारित अंतरिम आदेश को निरस्त कर दिया।

वादी पक्ष के वकील एस.ए. नसीम ने बताया कि अदालत के फैसले का अवलोकन करने के बाद सर्वोच्च न्यायालय में आदेश को चुनौती दी जायेगी। बाइट.....

*उन्नीस नवम्बर दो हज़ार चौबीस को संभल के सिविल जज ने सम्भल की शाही जामा मस्जिद के खुदाई के लिए सर्वे का आदेश दिया था। जिसको मस्जिद कमिटी ने माननीय उच्च न्यायालय में एक याचिका के माध्यम ऐसी चुनौती दी थी जिसकी सुनवाई करने के बाद माननीय न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने आदेश को सुरक्षित रख लिया था। आज सौ पेज के ऊपर के उस आदेश में उस याचिका को खारिज कर दिया गया है क्योंकि सौ पेज के ऊपर का जजमेंट है और अभी भी निर्णय आया है। इसका अवलोकन करने के बाद मस्जिद कमेटी इस आदेश को माननीय सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देगी।*

————————

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कल एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ आयेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद उनका यह पहला लखनऊ दौरा है। भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री डॉ. के.एन.एस. मेमोरियल अस्पताल के रजत जयंती समारोह में शामिल हांगे।

————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान का सम्मान करने के लिए आज कुशीनगर की पंचायत खड्डा मे जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। वहीं अमरोहा नगर और गजरौला में भी शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल

हुई। उधर अयोध्या, देवरिया, आजमगढ़ और प्रयागराज सहित अन्य जिलों में भी भव्य तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधियों के साथ आम लोगों ने भाग लिया।

———————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्सव के बीच, पूरा देश जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार भी सशस्त्र बलों के सम्मान में विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज इस कड़ी में, हम परमवीर–चक्र विजेता मेजर रामास्वामी परमेश्वरन का स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने श्रीलंका में ऑपरेशन पवन में सर्वोच्च बलिदान दिया था। एक रिपोर्ट.....

*बम्बई में जन्मे मेजर रामास्वामी परमेश्वरन को जनवरी 1972 में महार रेजीमेंट में शॉर्ट सर्विस कमीशन मिला। भारत श्रीलंका समझौते के तहत कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय सेना की कई टुकड़ियां श्रीलंका भेजी गई थी। मेजर परमेश्वरन उनकी यूनिट महार को भी ऑपरेशन पवन के लिए श्रीलंका भेजा गया था। 25 नवंबर 1987 को मेजर परमेश्वरन देर रात एक सर्च ऑपरेशन से अपनी टुकड़ी के साथ लौट रहे थे, अचानक उनके दस्ते पर उग्रवादियों की एक समूह ने घात लगाकर हमला कर दिया। बड़ी सूझबूझ से मेजर परमेश्वरन ने उन्हें पीछे से घेर लिया और साहसपूर्वक उन पर हमला कर दिया। हाथापाई के दौरान एक उग्रवादी में उनके सीने में गोली मार दी, अपनी गंभीर चोट के बावजूद मेजर परमेश्वरन ने राइफल छीन ली और उस उग्रवादी को मार गिराया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने आदेश देना जारी रखा और अपनी टीम को आखिरी सांस तक प्रेरित किया। इस कार्रवाई में पांच उग्रवादी मारे गए और तीन राइफलें और दो रॉकेट लांचर जप्त किए गए। मेजर रामास्वामी परमेश्वरन को अत्यंत विशिष्ट वीरता और सर्वोच्च बलिदान के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित*

*किया गया। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी– आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किए गये रामपुर जिले के रहने वाले शहजाद को यूपी एटीएस ने आज लखनऊ की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपित को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

एटीएस के मुताबिक शहजाद आईएसआई के लिए काम करता था। वह काफी समय से देश जुड़ी आंतरिक सुरक्षा की खुफिया जानकारी आईएसआई को पहुंचा रहा था। वह भारत में आईएसआई के एजेंटों को धन और सिम भी उपलब्ध कराता था। वह दो से तीन बार पाकिस्तान भी जा चुका है। एटीएस द्वारा शाहजाद को कल मुरादाबाद जिले से गिरफ्तार कर, उसके घर से मिले साक्ष्यों को एकत्र कर लखनऊ लाया गया था।

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान इस महीने की 29 तारीख से शुरू होगा और 12 जून तक चलेगा। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में श्री सिंह ने कहा देशभर के 723 जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा। बाइट....

*इस अभियान में हम 2170 टीमें बना रहे हैं वैज्ञानिकों की। इसमें कम से कम चार साइंटिस्ट एक टीम में होंगे। इन वैज्ञानिकों के साथ जोडेंगे हम यूनिवर्सिटीज को, कॉलेजेस को, राज्य सरकार के अमले को, केन्द्र की पूरे कृषि विभाग की टीम को, प्रगतिशील किसानों को, एफपीओज को और यह टीम एक जिले में तीन टीमें जाएगी देश में। हर एक टीम जिस एक गांव में जाएगी वहां पांच से लेकर दस गांव के किसान वहां आएंगे।*

————————

लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने आज लखनऊ नगर निगम के आलमबाग, अमौसी, नटखेड़ा सहित कई इलाकों में साफ–सफाई का जायजा लिया। कई स्थानों पर सड़क के किनारे गंदगी व नाली चोक मिली। मंत्री सुरेश खन्ना ने अफसरां को तत्काल साफ–सफाई कराने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने बड़े मंगल के मद्देनजर लखनऊ शहर के कई इलाकों का निरीक्षण किया है।

————————

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आज महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्हाने विश्वविद्यालय के शेष निर्माण कार्यों को 31 जुलाई तक पूरा कराने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने निर्माण कार्यों में निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता से समझौता नहीं करने पर जोर दिया।

————————

रेलवे की ओर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत दिल्ली से जौनपुर होते हुए दरभंगा तक सप्ताह में दो बार ट्रेन का संचालन किया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी वाराणसी अशोक कुमार ने बताया कि इस ट्रेन के चलने से जौनपुरवासियों को भी सहूलियत मिलेगी।

————————

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 61वां मैच आज लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच लखनऊ के इकाना स्टडियम में खेला जा रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद ने टास जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एक रिपोर्ट.......

*लखनऊ 11 मैच में 10 अंको के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए यह मैच हर हाल में बड़े अंतर से जीतना होगा। हारने पर वह रेस से बाहर हो जाएगी। सनराइजर्स हैदराबाद के 11 मैच में 7 अंक हैं। वह प्लेऑफ की रेस से पहले ही बाहर है। आई पी एल*

*के इतिहास में दोनों टीमों का 5 बार आमना–सामना हुआ है। लखनऊ 4 और हैदराबाद 1 बार जीती है। मौजूदा संस्करण में दोनों टीमों के बीच एक बार भिड़ंत हो चुकी है। उस मैच में लखनऊ ने जीत दर्ज की थी।*

*मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

————————

**मौसम विभाग में अगले 24 घंटे में प्रदेश के कई जिलों में तापमान में कमी की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश के तराई वाले जनपद जो नेपाल सीमा से लगे हुए हैं वहां कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हो सकती है। बाइट....**

*उत्तर प्रदेश मेंएक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है और साथ ही में एक वेस्टर्न यूपी से लेकर बंगाल की खाड़ी तक जा रहा है। थोड़ा सा तापमान में कमी देखने को मिल सकती है और साथ ही में जो हमारा तराई बेल्ट है जो नेपाल से सटे हुए जो जिले हैं, वहां पर हल्की बूंदाबांदी के आसार है और धीरे धीरे यहाँ से तापमान गिरेगा हालांकि तापमान चालीस बयालीस के आस पास जो सदन पोर्शन है वहाँ पे रहेगा, तो कहीं न कहीं अभी कोई अलर्ट नहीं है लेकिन आने वाले दिनों में धीरे धीरे तापमान में गिरावट होगी और हल्की बूंदाबांदी प्रदेश में गरज चमक एवं तेज हवाओं के साथ होगी।*

(समाप्त)